रिक्शा चालकों के लिए कॉलोनी बने

एचआरडीसी सभागार में विचार रखती वक्ता.

रांची. कांके के विधायक डॉ जीतू चरण राम ने कहा कि रिक्शा चालकों के लिए शहर में कॉलोनी बननी चाहिए. समाज के लोगों को भी उनके सम्मान, गरिमा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है. वह रविवार को 'मैत्री इंडिया' की ओर से एचआरडीसी सभागार में रिक्शा चालकों व गैरज मालिकों के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस मौके पर डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड की अगली बैठक में रिक्शा चालकों के लिए कम दर पर सुलभ शौचालय के प्रयोग का प्रस्ताव लायेंगे. उन्होंने सरकार की बीमा योजना, जन धन योजना, खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना, आधार कार्ड से वोटर पहचान पत्र को जोड़ने व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी. मेन रोड में रिक्शे पर पाबंदी से संबंधित सवाल पर कहा कि आबादी में वृद्धि के कारण राजधानी में ट्रैफिक की समस्या बढ़ी है. इसका समाधान हर नागरिक को मिल कर निकालना है. राजधानी के आसपास भी बड़ी - बड़ी कॉलोनियां बसी हैं. वहां रोजगार के नये अवसर सृजित हुए हैं. इस मौके पर अतिथियों ने रिक्शा गैरेज की डायरेक्टरी भी जारी की. कार्यक्रम मे संस्था के संस्थापक भूपिंदर सिंह, अध्यक्ष अशोक जॉली, प्रोजेक्ट अधिकार को - ऑर्डिनेटर अपराजिता मिश्रा, कई गैरेज मालिक व रिक्शाचालक मौजूद थे.

प्रभात खबर
Mon, 15 June 2015
epaper.prabhatkhabar.com/c/5559